कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व: उत्तराखंड

भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI) की एक रिपोर्ट के अनुसार, कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व (CTR) में प्रस्तावित पखरो टाइगर सफारी परियोजना के लिये 6,000 से अधिक पेड़ अवैध रूप से काटे गए थे।

- FSI के अध्ययन के अनुसार सफारी परियोजना के लिये CTR के अंतर्गत मंज़ूरी क्षेत्र21 हेक्टेयर (HAC) अनुमानित है।
- पखरो टाइगर सफारी 106 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तृत होगा, जब यह पूरा हो जाएगा, तो राज्य का पहला टाइगर सफारी होगा जिसमें बाघों की दर्शनीयता "100% होगी।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - यह **उत्तराखंड के नैनीताल ज़िले** में अवस्थित है। वर्ष 1973 मेंप्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत **कॉर्बेट नेशनल पार्क (भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान)** में हुई थी, जो कि कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व का एक हिस्सा है।
    - इस राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना वर्ष 1936 में हैली नेशनल पार्क के रूप में की गई थी जिसका उद्देश्य लुप्तप्राय बंगाल टाइगर का संरक्षण करना था।
    - इसका नाम जिम कॉर्बेट के नाम पर रखा गया है जिन्होंने इसकी स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
  - इसके मुख्य क्षेत्र में **कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान जबकि बफर ज़ोन में आरक्षित वन** और साथ ही सोन नदी वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं।
  - रिज़र्व का पूरा क्षेत्र पहाड़ी है और यह शिवालिक तथा बाह्य हिमालय भूवैज्ञानिक प्रांतों के अंतर्गत आता है।
  - **रामगंगा, सोननदी, मंडल, पालेन और कोसी,** रिज़र्व से होकर बहने वाली प्रमुख नदियाँ हैं।
  - 500 वर्ग किलोमीटर में फैला CTR 230 बाघों का वास-स्थान है और प्रति सौ वर्ग किलोमीटर में 14 बाघों के साथ यह दुनिया का सबसे अधिक बाघ घनत्व वाला रिज़र्व है।
- **वनस्पति::**
  - भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण **के अनुसार, कॉर्बेट** में पौधों, वृक्षों, झाड़ियों, फर्न, घास, लताओं, जड़ी-बूटियों और बाँस आदि की 600 प्रजातियाँ विद्यमान हैं। साल, खैर एवं शीशम यहाँ सर्वाधिक पाए जाने वाले वृक्ष हैं।
- **जंतु वर्ग:**
  - कॉर्बेट में बाघों के अलावा तेंदुए भी पाए जाते हैं। अन्य स्तनधारी जैसे जंगली बिल्लियाँ, काकड़ या कांकड़ (Barking Deer), चित्तीदार हिरण, सांभर हिरण, स्लॉथ बीयर आदि भी पाए जाते हैं।
- **उत्तराखंड के अन्य प्रमुख संरक्षित क्षेत्र:**
  - नंदा देवी नेशनल पार्क
  - फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान
    - फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान और नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान एक साथ **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** हैं।
  - राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
  - गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान
  - गोविंद राष्ट्रीय उद्यान

//

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्षों के प्रश्न (PYQ)

प्रश्न: निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2013)

नेशनल पार्क		**पार्क से बहने वाली नदी**
1. कॉर्बेट नेशनल पार्क	-	गंगा
2. काजीरंगा नेशनल पार्क	-	मानस
3. साइलेंट वैली नेशनल पार्क	-	कावेरी

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- **जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क:** गंगा नदी की एक सहायक नदी रामगंगा पार्क के लिये पानी का प्राथमिक स्रोत है। रामगंगा की सहायक नदियाँ- खोह, कोल्हू और मंडल नदियाँ हैं। **अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।**
- **काजीरंगा नेशनल पार्क:** यह विश्व के एक सींग वाले गैंडों के लगभग दो-तिहाई की मेज़बानी करने वाला एक पार्क है और ब्रह्मपुत्र नदी से घिरा है। ब्रह्मपुत्र इसकी उत्तरी एवं पूर्वी सीमा बनाती है, जबकि मोरा डफ्लू दक्षिणी सीमा बनाती है। पार्क के भीतर अन्य उल्लेखनीय नदियाँ डफ्लू, मोरा और धनसरी हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **साइलेंट वैली नेशनल पार्क:** केरल में स्थित इस पार्क का पूरा क्षेत्र कुंतीपुझा नदी के उत्तर से दक्षिण की ओर है। यह नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है। **अत: युग्म 3 सुमेलित नहीं है।**

अत: विकल्प (d) सही उत्तर है।

प्रश्न. निम्नलिखित बाघ आरक्षित क्षेत्रों में "क्रांतिक बाघ आवास (Critical Tiger Habitat)" के अंतरगत सबसे बड़ा क्षेत्र किसके पास है?

(a) कॉर्बेट
(b) रणथंभौर
(c) नागार्जुनसागर-श्रीसैलम

(d) सुंदरबन

उत्तर: (c)

व्याख्या:

- "क्रांतिक बाघ आवास (Critical Tiger Habitat), जिसे टाइगर रिज़र्व कोर क्षेत्र भी कहा जाता है, की पहचान वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम (डब्ल्यूएलपी), 1972 के अंतरगत की गई है। वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर, अनुसूचित जनजाति या ऐसे अन्य वनवासियों के अधिकारों को प्रभावित किये बिना ऐसे क्षेत्रों को बाघ संरक्षण के लिये सुरक्षित रखा जाना आवश्यक है। सीटीएच की अधिसूचना राज्य सरकार द्वारा उद्देश्य पूर्ति के लिये गठित विशेषज्ञ समिति के परामर्श से की जाती है।
- **कोर/क्रांतिक बाघ आवास क्षेत्र:**
    - **कॉर्बेट (उत्तराखंड): 821.99 वर्ग किमी**
    - रणथंभौर (राजस्थान): 1113.36 वर्ग किमी
    - सुंदरवन (पश्चिम बंगाल): 1699.62 वर्ग किमी
    - नागार्जुनसागर श्रीशैलम (आंध्र प्रदेश का हिस्सा): 2595.72 वर्ग किमी
    - **अतः विकल्प (c) सही है।**

[स्रोत: द हिंदू]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/corbett-tiger-reserve-uttarakhand